आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निजी संस्थानों में चयनित 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये, कहा– पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम किया।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– कृषि और कृषि संबंधित क्षेत्र 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की अंक सुधार परीक्षा कल से शुरू होगी।
- राजधानी देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत व नैनीताल जिलों में कल भारी बारिश की चेतावनी।

नियुक्ति पत्र वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार ने पिछले तीन वर्षों में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिलें, इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। श्री धामी आज देहरादून में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों के साथ ही रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी संस्थानों में भी युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए राज्य में ऑनलाइन ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेंटर का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में श्री धामी ने राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से चयनित 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता परक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं को सीधे रोजगार मिले इसके लिए औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के हिसाब से नये कोर्स चलाये जा रहे हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि और कृषि संबंधित क्षेत्र 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नई दिल्ली में कल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 96वें स्थापना और प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा है और किसान इसका आधार। उन्होंने कहा कि किसान और कृषि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

## केंद्रीय खेल मंत्री

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के युवा भविष्य के नीति निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा और राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार विजेताओं से संवाद किया। इस दौरान डॉक्टर मांडविया ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की बदलाव लाने की क्षमता से देश प्रगति और नवाचार की ओर अग्रसर होगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुरस्कार विजेता युवाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और मेरा युवा भारत मंच को और अधिक उपयोगी बनाने पर चर्चा करना था। युवा कार्य और खेल मंत्रालय के अनुसार चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा मेरा युवा भारत मंच युवाओं के रचनात्मक जुड़ाव के लिए नवीन और सहयोगात्मक विचारों पर केंद्रित था।

## पौधरोपण

''एक पेड़ माँ के नाम'' और उत्तराखंड के लोकपर्व ''हरेला'' महोत्सव के तहत प्रदेशभर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। इसमें फलदार पेड़ों के साथ ही अन्य प्रजातियों के पेड़ों का वृक्षारोपण किया जा रहा है। अभियान के तहत आज हरिद्वार स्थित बीएचईएल में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टी. एस. मुरली ने कहा कि यह पर्व हमें पर्यावरण के प्रति, हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हम आज पौध लगाकर, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा–भरा कल सुनिश्चित कर रहे हैं। वहीं, सौ हाथ सौ पेड़ लगाओ अभियान के तहत अलकनंदा घाट पर गंगा किनारे छायादार वृक्ष लगाए गए।

## अंक सुधार परीक्षा

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की अंक सुधार परीक्षा कल से शुरू होगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की हिंदी, कृषि, अंग्रेजी और संस्कृत विषय की सुधार परीक्षा होगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी।

## कांवड यात्रा

राज्य में आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। हरिद्वार में कांवड़ मेले के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। कांवड़ियों की सुविधा के लिए हरिद्वार के प्रमुख स्थानों को मेला क्षेत्र घोषित किया गया है। वहीं हरिद्वार से सटे जिलों में भी यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इस दौरान लगने वाले जाम से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आज टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उपजिलाधिकारी को सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की निगरानी करने को कहा। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को कांवड़ क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूलों में परिस्थिति के अनुसार अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए।

टिहरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए टिहरी जिले को 5 सुपर जोन और 10 सेक्टर जोन में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वाले कांवड़ियों के लिए लक्ष्मण झूला पुल से जाने और जानकी सेतु से वापस लौटने की व्यवस्था की जाएगी।

## यमुनोत्री हेली सेवा

उत्तराखंड नागरिक उड्डयन एवं विकास प्राधिकरण– युकाडा जल्द ही यमुनोत्री के लिए हेली सेवाएं शुरू करेगा। पर्यटन विभाग की ओर से यमुनोत्री धाम में रोपवे के पास ही हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। हेलीपैड का निर्माण पर्यटन विभाग करवा रहा है। युकाडा के अधिकारियों के अनुसार नई चयनित जगह पर हेलीपैड का निर्माण शुरू हो चुका है। युकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी रविशंकर ने बताया कि हेलीपैड का निर्माण पूरा होने पर यमुनोत्री के लिए चार्टर सेवाएं जल्द शुरू होंगी। इसके अलावा यमुनोत्री धाम को रोपवे से जोड़ने की परियोजना पर भी इसी साल काम शुरू होने की उम्मीद है। 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 3 दशमलव शून्य नौ किलोमीटर लंबा यह रोपवे दस टावरों से होकर गुजरेगा। परियोजना के पूरा होने के बाद तीर्थयात्री खरसाली से यमुनोत्री धाम 15 मिनट में पहुंच जाएंगे। वर्तमान में जानकी चट्टी से यमुनोत्री धाम पहुंचने में तीन से चार घंटे लगते हैं।

## नैनी झील

नैनीताल जिले में नैनी झील का बाथमीट्रिक सर्वे शुरू हो गया है। नैनी झील में यह प्रयोग पहली बार किया जा रहा है। यह सर्वे एक सप्ताह तक चलेगा। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सर्वेक्षक की टीम यह सर्वे कर रही है। सर्वे का उद्देश्य झील की गहराई, पानी के अंदर की स्थलाकृति के बारे में जानकारी और डेटा एकत्र करना है। यह सर्वे झील के संरक्षण और भविष्य के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। नैनीताल स्थित भारतीय नौसेना की एनसीसी इकाई 5 यूके नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंद्र विजय नेगी के निर्देश पर यह सर्वे किया जा रहा है।

## इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने इस सत्र में प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। देहरादून स्थित इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डाक्टर अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जुलाई सत्र से कई नये रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किये हैं। उन्होंने कहा कि इन पाठयक्रमों में आवेदन करने वाले छात्रों की पूर्व की परीक्षाओं के आधार पर मैरिट तैयार की जाएगी और इसके बाद मैरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है।

## मौसम

राजधानी देहरादून समेत राज्य के कुछ हिस्सों में सुबह से रुक–रुककर बारिश को दौर जारी है। बारिश के चलते पर्वतीय अंचल में अवरूद्ध सड़क मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग ने आने वाले दिनों में राज्य कुछ हिस्सों में भारी बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया है। राजधानी देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत और नैनीताल जिलों में कल भारी बारिश का अनुमान है।

देवशयनी एकादशी

देवशयनी एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरिद्वार, ऋषिकेश, देवप्रयाग समेत विभिन्न गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। धार्मिक मान्यता के अनुसार साल में आने वाली सभी 24 एकादशियां भगवान विष्णु को समर्पित होती हैं। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी पर व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

ठेली–फेरी

प्रदेश में ठेली और फेरी लगाने वालों की पहचान के लिए जल्द ही उनके पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसको लेकर शहरी विकास निदेशालय ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी किया है। शहरी विकास निदेशक नितिन सिंह भदौरिया ने सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में काम करने वाले ठेली और फेरी लगाने वालों की पहचान प्रदर्शित करने के लिए ब्योरा जुटाएं। उन्होंने बताया कि पहचान पत्र में ठेली और फेरी लगाने वालों का कोड, नाम, पता, फोटो के साथ परिवार के किसी सदस्य का नाम आदि अंकित होगा।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल के लिए नवीनतम तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल के एक साथ उपयोग से दक्षता में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सकता है।

आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश विश्व के शीर्ष छह जैव–निर्माताओं में से एक है और किफायती स्वास्थ्य देखभाल का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पर्यटन और स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में भारत सबसे अधिक मांग वाला गंतव्य देश बन गया है। आयुष्मान कार्ड, डिजिटल हेल्थकेयर मिशन, पीएम जन औषधि जैसी विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए डॉक्टर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।